मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : eanugya@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक / बी–5 / 2 / ई–अनुज्ञा / 2019–20 / 1240 भोपाल दिनांक 07 अक्टूबर 2019

प्रति,

आयुक्त,
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,
विंध्याचल भवन, भोपाल

विषयः—ई–उपार्जन पोर्टल पर उपलब्ध किसानों के डाटाबेस का उपयोग किये जाने की अनुमति प्रदान करने संबंधी।

—0—

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रबी विपणन मौसम में FAQ गुणवत्ता के गेहूं की खरीदी एवं खरीफ विपणन मौसम में FAQ गुणवत्ता के धान एवं मोटे अनाज (ज्वार एवं बाजरा) की खरीदी समर्थन मूल्य पर किये जाने का कार्य आपकी संस्था द्वारा नियुक्त एजेन्सियों के द्वारा किया जाता है। यह कार्य किये जाने के पूर्व प्रदेश के किसानों का पंजीयन (भू–अभिलेख के डाटाबेस आधारित) किया जाता है, किसान की भूमि एवं फसल के बोये गये रकबे की जानकारी गिरदावरी डाटाबेस से ली जाती है एवं संयुक्त खातेदार कृषक को अनुपातिक रकबे अनुसार पृथक पृथक पंजीयन कराने की सुविधा उपलब्ध रहती है। यह सभी जानकारियॉ E-Uparjan, Computerization of Foodgrain Procurement System की वेबसाईट http://mpeuparjan.nic.in पर उपलब्ध रहती है।

दिनांक 16 अगस्त 2019 से मण्डी बोर्ड के सहयोग से एन.आई.सी. की राज्य इकाई के तकनीकी मार्गदर्शन में प्रदेश की समस्त कृषि उपज मण्डी समितियों में शतप्रतिशत ''ई–अनुज्ञा ऑनलाईन'' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके माध्यम से व्यापारियों द्वारा क्रय अधिसूचित कृषि उपज का प्रदेश के अंदर एवं बाहर परिवहन किया जाता है।

दिनांक 31 जुलाई 2019 को प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा ई–अनुज्ञा पॉवर पाईंट प्रस्तुति में दिये गये निर्देशों के बिन्दु क्रमांक 7. में ''कृषक के मण्डी में प्रवेश से लेकर भुगतान तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया जैसे प्रवेश, अनुबंध, तौल एवं भुगतान पत्रक को ई–अनुज्ञा पोर्टल पर जोड़ा जाये जिससे की इंद्राज के दोहरीकरण से बचा जा सके''।

उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में मण्डी बोर्ड आपकी संस्था के पोर्टल पर उपलब्ध किसान पंजीयन के डाटाबेस का उपयोग ''मण्डी बोर्ड के ई–अनुज्ञा पोर्टल'' पर किये जाने का इच्छूक है साथ ही इसी आशय के निर्देश श्री एम.सेलवेन्द्रन, सचिव माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन के द्वारा भी दिये गये हैं।

अतः आपसे अनुरोध है की Web Service –API के द्वारा उपरोक्त Data Share की सुविधा मण्डी बोर्ड को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि किसान पंजीयन के डाटाबेस की मण्डीवार मेपिंग कराई जाने के उपरांत इसका उपयोग ''मण्डी बोर्ड के ई–अनुज्ञा पोर्टल'' पर किया जा सकेगा।

कृपया इस कार्य को प्राथमिकता प्रदान करने का अनुरोध है।

(डॉ.केदार सिंह)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी–5 / 2 / ई–अनुज्ञा / 2019–20 / 1241　　　　भोपाल दिनांक 04 अक्टूबर 2019

<u>प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।</u>

(01) सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय भोपाल।

(02) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल।

(03) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय भोपाल।

(04) प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड, ब्लॉक–1, तृतीय तल, पर्यावास भवन, भोपाल (म0प्र0)

(05) श्री प्रकाश राव, राज्य सूचना अधिकारी, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(06) श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल